को नंबर ... ाहकार (बजट को नंबर दिए 40/100)

हिंदुस्तान 02/02/2023

# गोबर धन योजना से बॉयो गैस को बढ़ावा

बजट में गोबर धन योजना से जैविक खेती के साथ बॉयोगैस को बढ़ावा मिलेगा। इससे देश की आय में इजाफा होगा। केमिकल रहित खाद्यान्न मिलेगा और प्रदूषण भी कम होगा। कृषि स्टार्टअप को बढ़ावा मिलने से देश कोरिया व इजराइल की तरह अत्याधुनिक खेती करेगा। **प्रो. विजय कुमार यादव**, निदेशक शोध सीएसए (बजट को नंबर दिए **60/100**)

REDMI NOTE 8 PRO
AI QUAD CAMERA

अमर उजाला कानपुर 02/02/2023

ी। (ब्यूरो)

# सीएसए के एग्री स्टार्टअप को बजट मिलने की उम्मीद, छात्रों को मिलेगी राहत

कानपुर। एग्री एक्सीलेटर फंड बजट में कृषि स्टार्टअप को बढ़ावा देने की घोषणा के बाद चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के एग्री स्टार्टअप सेंटर को बजट मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। फंड न होने के चलते अभी तक यहां केवल तीन स्टार्टअप शुरू हो सके हैं। निदेशक शोध और एग्री स्टार्टअप सेंटर के प्रभारी डॉ. विजय यादव ने बताया कि बीते साल प्रदेश सरकार को 1.5 करोड़ के बजट के प्रस्ताव को भेजा गया था जो अभी तक नहीं मिल पाया है। उन्होंने बताया कि बजट में एग्री स्टार्टअप को बढ़ावा देने की घोषणा के बाद बजट मिलने की उम्मीद जागी है। यदि बजट मिलता है तो सीएसए स्टार्टअप करने वालों की तकनीकी के साथ-साथ वित्तीय मदद भी करेगा। (संवाद)

अमर उजाला 02/02/2023

# कृषि निधि से बुंदेलखंड क्षेत्र होगा विकसित

कानपुर। बजट में कृषि के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा बनाने की घोषणा की गई है. कृषि स्टार्टअप के लिए सरकार डिजिटल एक्सीलेटर फंड कृषि निधि बनाया जाएगा। सीएसए के कृषि विशेषज्ञ डॉ. एसएन पांडेय के अनुसार बुंदेलखंड की विशेष योजनाओं के लिए निधि का आकार 71 करोड़ 50 लाख रुपए से बढ़ाकर 200 करोड़ रुपए किया गया। बुंदेलखंड में पेयजल की विशेष व्यवस्था के लिए 200 करोड़ रुपए का प्राविधान। साथ ही बुंदेलखंड व विंध्य क्षेत्र में सरफेस सोर्स आधारित ग्रामीण पेयजल योजना के लिए 500 करोड़ रुपए की व्यवस्था। इसी तरह बुंदेलखंड में टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति के लिए 2 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा बुंदेलखंड में तिलहन प्लांट के लिए 15 करोड़ रुपए की व्यवस्था। (ब्यूरो)